**आकाशवाणी शिमला**
**29.07.2025 / प्रादेशिक समाचार / 15:00बजे**

## लोकसभा ऑपरेशन सिंदूर

ऑपरेशन सिंदूर पर लोकसभा में विशेष चर्चा आज फिर से शुरू हुई। गृह मंत्री अमित शाह ने चर्चा में भाग लेते हुए कहा कि ऑपरेशन महादेव के दौरान भारतीय सेना, सीआरपीएफ और जम्मू–कश्मीर पुलिस ने पहलगाम आतंकवादी हमले में शामिल तीन आतंकवादियों को ढेर कर दिया है। गृहमंत्री ने भारतीय सशस्त्र बलों की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने आतंकवादियों का सफाया किया और उनके ठिकानों को सर्जिकल स्ट्राइक के जरिए ध्वस्त कर दिया। अमित शाह ने कहा कि देश के सुरक्षा बलों ने न केवल आतंकवादियों को समाप्त किया, बल्कि उन्हें भेजने वालों को भी निशाना बनाया।

## मौसम

मंडी जिले में बीती रात मूसलाधार बारिश व बादल फटने की 2 अलग–अलग घटनाओं के कारण जनजीवन बुरी तरह अस्त–व्यस्त हुआ है। इन घटनाओं में अब तक 3 लोगों की मृत्यु की पुष्टि हो चुकी है, जबकि कई अन्य के मलबे में दबे होने की आशंका है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने घटना पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए मंडी के ज़िलाधीश को प्रभावितों को हर संभव सहायता देने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने शिमला में पत्रकारों से अनौपारिक बातचीत में बताया कि इस तरह की आपदाओं से निपटने के लिए राज्य सरकार अब एक स्थायी नीति ला रही है, ताकि जान–माल के नुकसान को कम किया जा सके। उन्होंने कहा कि भविष्य में अब कोई भी सरकारी संस्थान नदी–नालों के किनारे नहीं बनाया जाएगा और सभी सरकारी भवन सौ से डेढ़ सौ मीटर की सुरक्षित दूरी पर ही बनाए जाएंगे। इस बीच नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर और स्थानीय विधायक अनिल शर्मा ने मंडी में घटनास्थल पर पहुंचकर राहत व बचाव कार्यों का जायजा लिया। जयराम ठाकुर ने कहा कि बरसात से प्रदेश में हो रहा नुक्सान चिंताजनक है और इस मुश्किल घड़ी में सावधान रहने की आवश्यकता है। वहीं मौसम विभाग ने आज और कल 30 जुलाई के लिए कांगड़ा, मंडी, कुल्ल और चंबा ज़िलों के लिए भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जबकि लाहौल स्पीति और किन्नौर को छोड़कर अन्य सभी जिलों में भारी बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है।

## सिकंदर कुमार

केंद्रीय नागर विमानन मंत्री किंजरापू राम मोहन नायडू ने कहा है कि हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा एयरपोर्ट पर परिचालन करने वाली एयर लाइनों द्वारा किसी भी पर्यावरणीय खतरे की सूचना प्रदान नहीं की गई है। संसद में आज राज्यसभा सांसद व प्रदेश भाजपा महामंत्री डॉक्टर सिकंदर कुमार द्वारा कांगड़ा एयरपोर्ट पर पक्षियों के टकराने की घटनाओं की रोकथाम संबंधी पूछे गए सवाल के जवाब में उन्होंने ये जानकारी दी। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि कांगड़ा एयरपोर्ट पर एक जुलाई 2023 और 30 जून 2025 के बीच 2 पक्षी या वन्य जीव के टकराने की सूचना मिली थी। डॉक्टर सिकंदर कुमार के एक अन्य सवाल के जवाब में केंद्रीय जलशक्ति राज्य मंत्री राजभूषण चौधरी ने बताया कि राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन में वर्ष 2025 के लिए आर.सी.ए. के तहत एक कार्य योजना को मंजूरी दी है। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड जल निकायों के पास या उनमें अवैध रूप से कचरा डालने की जांच के लिए नियमित निरीक्षण करता है। राजभूषण चौधरी ने बताया कि हिमाचल प्रदेश सरकार ने नदी तटों सहित पूरे राज्य में सड़क निर्माण गतिविधियों से निकलने वाले मलबे और कचरे के अवैध डंपिंग की निगरानी व रोकथाम के लिए प्रत्येक ज़िले में एक समिति का गठन किया है।

## राष्ट्रीय शिक्षा नीति

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के आज 5 वर्ष पूरे हो गए हैं। राष्ट्रीय शिक्षा नीति भारत के विद्यालयों को ज्ञान प्राप्त करने के ऐसे स्थानों में बदलने की महत्वाकांक्षी योजना है जहां शिक्षा केवल पाठ्यपुस्तकों, अंकों या रटने तक सीमित न रहे। पिछले पांच वर्ष में इस नीति ने भारत में अधिक समावेशी, शिक्षार्थी–केंद्रित और भविष्य अनुरूप शिक्षा प्रणाली की नींव रखी है।

.....................................................................................................................................